## सार-समाचार

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**चिड़ावा।** शहर के विवेकानंद चौक स्थित श्री कृष्ण पुस्तकालय में विश्व हिंदू परिषद, बजरंगदल की ओर से हिंदूवादी संगठनों के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ अतिथियों ने भारत माता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया। इस दौरान मुख्य अतिथि सीआई विनोद सामरिया ने कहा कि रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा और अमूल्य दान है। सभी स्वस्थ लोगों को जीवन में समय समय पर रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन भी किया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला संघ चालक अनिल गुप्ता ने हिंदूवादी संगठनों के इस प्रयास की सराहना करते हुए युवाओं से ऐसे आयोजनों में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी का आ ान किया। विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष शंकरलाल वर्मा ने भी रक्तदान शिविर में रक्तदान के लिए आए युवाओं से नियमित अंतराल पर रक्तदान करने का आ ान किया। भाजपा नगर अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा ने रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं का आभार जताते हुए अन्य युवाओं को भी इनसे प्रेरणा लेने का आ ान किया। इस दौरान खिलाड़ी निकिता चौधरी का अभिनंदन भी किया गया। पुस्तकालय प्रभारी अमर सिंह कोकचा, विहिप प्रखंड अध्यक्ष रमेश स्वामी, कुलदीप भगेरिया, बजरंग दल संयोजक यमन वर्मा, आशीष शर्मा, अक्षय गुप्ता आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में ब्लड डोनर संजय दाधीच, अमरसिंह कोकचा, हरिनाम प्रभात फेरी के देवानंद चौधरी, रामचंद्र शर्मा, अमित गुप्ता, कमलकांत पुजारी, देवेश हर्षवाल, प्रशांत मराठा, शुभम निकम सहित काफी लोग मौजूद रहे। शिविर में रक्तदान को लेकर युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिला।

### जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**झुंझुनूं,** । राजस्थान के सभी जिलों के अधीन ग्राम पचायत मुख्यालय पर ग्राम साथिन पद पर कार्य करती है। जो पंचायत के अधीन गांवों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर घर पहुंचाने का कार्य करती है। यहीं नहीं बालिकाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ग्राम साथिनों की उचित मांगों पर विचार कर उन्हें बजट घोषणा में शामिल करने की मांग को लेकर शुक्रवार को साथिनों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें ग्राम पंचायत साथिनों को राज्य कर्मचारी का दर्जा देने, न्यूनतम मानदेय 20 हजार रुपए करने, ग्राम साथिनों को किसी भी योजना या आवेदन में पचास प्रतिशत का दर्जा देने, ग्राम साथिन को मेडिकल व्यवस्था व रिटायरमेंट के बाद पांच लाख रुपए देने की मांग की गई। जिससे वह अपने जीवन के शेष दिन आराम से गुजार सके। इनके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यकर्ता से महिला पर्यवेक्षक में 50 प्रतिशत का कोटा आरक्षित करने, ग्राम साथिन की अपने ग्राम पंचायत में अलग से पहचान हो इसके लिए अलग से महिला विकास केंद्र व टेबल कुर्सी की व्यवस्था करने, सामूहिक बीमा योजना वर्ष 2005-06 में बजट घोषणा शुरू की गई थी जिसमें हर 6 माह में 38 रुपए राजकीय अंशदान व 150 रूपए बीमाधारी (साथिन) का अंशदान अब पूरा अंशदान ही सरकार द्वारा जमा कराना निश्चित्त हुआ है। जिन साथिनों को बीमा योजना से नहीं जोड़ा गया है। शेष साथिनों को भी उक्त योजना से जोड़ने। बीमा कटौती की पासबुक कार्मिकों को उपलब्ध करवाने की मांग ज्ञापन में की गई है। ज्ञापन देने वालों में अनिता, संगीता, शबीना, अनिता, सुशीला कांट, सरोज हंसासरी, गीता धनुरी, सुनीता देवी लूणा, सुनीता भामरवासी, शबीना इस्लामपुर, मंजू प्रतापपुरा, चंद्रकला बुडाना सहित सैंकड़ों की संख्या में ग्राम साथिन मौजूद रहीं।

### पति पत्नी ने किया रक्तदान

**चिड़ावा।** शहर के श्री कृष्ण पुस्तकालय में विश्व हिंदू परिषद और बजरंगदल के संयोजन में हिंदूवादी संगठनों की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में पति पत्नी ने भी रक्तदान किया। शहर की लोहिया शिक्षण संस्थान में कार्यरत फाउंडेशन इंचार्ज प्रदीप सोनी और हिंदी की व्याख्याता कविता सोनी ने शिविर में एक साथ रक्तदान किया। पति पत्नी ने रक्तदान कर अन्य दंपति को भी रक्तदान करने का संदेश दिया। सोनी दंपति ने कहा कि सभी को स्वस्थ होने की अवस्था में एकत्र जरूर करना चाहिए। जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ या फिर किसी शिविर में जाकर रक्तदान कर पुण्य कमाना चाहिए। 90 बार रक्तदान कर चुके ब्लड डोनर संजय दाधीच ने कहा कि इस समय रक्त की कमी से बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो रही है। ऐसे में इस तरह की पहल करते हुए आगे आने वाले लोग प्रेरणा के स्त्रोत बनते हैं। इनसे अन्य दंपति को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। इस दौरान विहिप जिलाध्यक्ष शंकरलाल वर्मा, आरएसएस जिला संघ चालक अनिल गुप्ता, आरएसएस विभाग प्रचार प्रमुख प्रभुदयाल वर्मा, अमर सिंह कोकचा, विवेकानंद मित्र परिषद संरक्षक रोहिताश्व महला, सुशील सैनी, आशीष शर्मा, विहिप प्रखंड अध्यक्ष रमेश कोतवाल, मंत्री कुलदीप भगेरिया, भाजपा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष अशोक शर्मा, रवि भारतीय, बजरंगदल अध्यक्ष यमन, रोबिन, अक्षित, अक्षय सहित मौजूद लोगों ने उनके इस कार्य की जमकर प्रशंसा की।

### गृहमंत्री से की कार्रवाई की मांग

**खेतड़ी, ( निसं )** । पश्चिम बंगाल में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को बंद करने की मांग को लेकर शुक्रवार को राष्ट्र सेवा समिति की पदाधिकारियों की ओर से एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान उन्होंने देश के गृह मंत्री से मामले को गंभीरता से लेते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। महिला पदाधिकारियों की ओर से दिए ज्ञापन में बताया कि पश्चिम बंगाल में एक महिला प्रदेश की मुखिया होने के बावजूद भी सरेआम महिलाओं पर दबंगों द्वारा अत्याचार किया जा रहा है। महिलाओं के साथ होने वाली हिंसाओं को रोकने के लिए सरकार की ओर से बेहतर कदम उठाए जाने के दावे किए जा रहे है। इसके बाद भी बंगाल प्रदेश में महिलाएं सुरक्षित नहीं है तथा बेरहमी से मारपीट कर उनके साथ अत्याचार किया जा रहा है। डॉ नीलन चौधरी ने बताया कि जब चुनाव आते हैं तो राजनीति पार्टी महिलाओं की सुरक्षा को लेकर अनेक सपने दिखाती है। चुनाव खत्म होने के बाद उन वादों को पूरा नहीं किया जाता है। पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह से नाकाम हो चुकी है तथा केंद्र सरकार की ओर से कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे है। भारतीय संविधान की धज्जियां उड़ानें वाली यह घटनाएं तालीबानी शासन की याद दिला रही है।

# सिंघाना पुलिस ने वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाया अभियान

**खेतड़ी, ( निसं )** सिंघाना पुलिस की ओर से वांछित अपरधियों की धरपक्कड को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत देर शाम को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे 18 बदमाशों को हिरासत में लिया है। थानाधिकारी कैलाश यादव ने बताया कि अवैध शराब तस्करी, थाने के एक्टीव एचएस सहित अपराधिक

- **अभियान के तहत देर शाम को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे 18 बदमाशों को हिरासत में लिया**

प्रवृति के बदमाशों की धरपक्कड़ के लिए सिंघाना थानाधिकारी कैलाश यादव के नेतृत्व में तीन पुलिस टीम गठित कर क्षेत्र में बदमाशों की धरपक्कड के लिए छापामार कार्रवाई की गई।

उन्होंने बताया कि थाने के एक्टिव व अन एक्टिव एचएस अपराधी, अवैध शराब तस्कर, फरार स्थाई वारंटी सहित 18 जनों को हिरासत में लिया गया।



विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे 18 बदमाशों को हिरासत में लिया

इस दौरान पुलिस की टीम ने चितौसा निवासी अभयसिंह यादव, धीरज कुमार, शाहपुर निवासी वीरसिंह, राकेश वाल्मीकि, विनोद वाल्मीकि व दीपक, बिशनपुरा निवासी दिनेश, श्यामपुरा निवासी कृष्ण कुमार, सैदपुर निवासी भरतसिंह, राजपुरा निवासी दिनेश उर्फ बरकत, सिंघाना निवासी गोपाल मीणा, रवि मीणा व कमलेश कुमार, ईश्कपुरा निवासी अशोक, टीकूपुरा निवासी ओमप्रकाश, सातड़िया निवासी नरेश उर्फ बच्चीया, बनवास निवासी हरीश उर्फ गांधी, गुजरवास निवासी नरेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान अपराधियों को सोशल मिडिया पर फोलो करने पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

इस दौरान टीम में थानाधिकारी कैलाश यादव, एएसआई सूबेसिंह यादव, एएसआई विधाधर शर्मा, गाड़ाखेड़ा चौकी प्रभारी एएसआई इंद्राज सिंह, एचसी विकास लांबा, कांस्टेबल निहाल सिंह, प्रवीण कुमार, विक्रम सिंह, सुनिल कुमार सेहरा, योगेन्द्र, आशाराम, मोहन सिंह, महिला कांस्टेबल शारदा आदि शामिल थे।

## जल बचाने की शपथ ली

**झुंझुनूं,** । राष्ट्रीय जल मिशन के तहत शुक्रवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कार्यालय में जल बचाने की शपथ ली गई।

विभाग के अधीक्षण अभियंता कार्यालय में एसई शरद कुमार माथुर ने सर्किल एवं प्रोजेक्ट के अधिकारियों को सामूहिक शपथ दिलाई।

कार्यक्रम के तहत अधिकारियों कर्मचारियों ने पानी को बचाने और उसके विवेकपूर्ण उपयोग करने, पानी की बूंद-2 का संचय करने, जल शक्ति अभियान कैच द रेन को बढ़ावा देने, पानी को अनमोल संपदा मानते हुए इसका उपयोग करने तथा पानी के बारे में परिजनों, मित्रों और पड़ोसियों को जागृत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता मदनलाल मीणा, महेंद्र कुमार वर्मा, ममता सैनी, सुभाष नेहरा, अधिशासी अभियंता एवं तकनीकी सहायक विक्रम सिंह, कनिष्ठ रासायनिक सुरेंद्र कुमार शर्मा, एईएन सुमित चौधरी, डालचंद सैनी, अनिता देवी, प्रिया बुंदेला, संगीता, राजबाला, देवेंद्र, शैलेंद्र चौधरी, जितेंद्र सिंह, डिविजनल अकाउंटेंट महेंद्र जांगिड़, सहायक लेखाधिकारी प्रदीप सुंडा, प्रशासनिक अधिकारी विक्रम सिंह शेखावत, निजी सहायक भंवर लाल सैनी, अनिल सैनी, विवेक सैनी, आशीष कुमार, सुरेश यादव, मुकेश, संदीप, राकेश, रामस्वरूप, दारा सिंह, प्रेम, मीरा कंवर, पूजा कुमावत, ओम प्रकाश आदि ने भाग लिया।

## पूर्व मंत्री के खिलाफ डॉक्टर्स का विरोध जारी

**चिड़ावा।** पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा की डॉक्टर्स के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में राजकीय उप जिला अस्पताल में कार्यरत सेवारत चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर तीसरे दिन शुक्रवार को भी विरोध जताया। इस मौके पर पीएमओ डॉ.सुमनलता कटेवा, डॉ.रघुवीरसिंह मील के नेतृत्व में विरोध जताया गया और पूर्व विधायक से माफी मांगने की मांग की गई। डॉक्टर्स ने कहा कि इस तरह की अभद्र टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल**
**रावतसर जिला हनुमानगढ (राज.)**
Fax No.: 01537-250043, Email: nprawatsar1977@gmail.com,
Phone: 01537-250043

क्रमांक- न.पा.रा./भू./2024/656 दिनांक-04.07.2024

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नरेन्द्र कुमार पुत्र श्री मनीराम जाति जाट निवासी वार्ड नं. 28 रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ द्वारा अपने स्वामित्व के भूखण्ड सम्बन्धि दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर अपने आवासीय भूखण्ड साईज 92.93 वर्गमीटर का आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन करवाना चाहता है जो मास्टर प्लान में अशत व्यवसायिक दर्शाया गया है।
अत उक्त आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ती पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

(शैलेन्द्र कुमार गोदारा)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रावतसर

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल**
**रावतसर जिला हनुमानगढ (राज.)**
Fax No.: 01537-250043, Email: nprawatsar1977@gmail.com,
Phone: 01537-250043

क्रमांक- न.पा.रा./भू./2024/660 दिनांक-04.07.2024

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रामकृष्ण पुत्र श्री सोहनलाल जाति बिश्नोई निवासी वार्ड नं. 28 रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ द्वारा अपने स्वामित्व के भूखण्ड सम्बन्धि दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर अपने आवासीय भूखण्ड साईज 740 वर्गफुट से चिपती भूमि साईज 46.66 वर्गगज खांचा भूमि के तहत आवंटन करने हेतु आवेदन किया है। उक्त खांचा भूमि प्रार्थी के भूखण्ड के दक्षिण दिशा में स्थित है।
अत उक्त आवासीय खांचा भूमि प्रार्थी के नाम आवंटन करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ती पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

(शैलेन्द्र कुमार गोदारा)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रावतसर

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल**
**रावतसर जिला हनुमानगढ (राज.)**
Fax No.: 01537-250043, Email: nprawatsar1977@gmail.com,
Phone: 01537-250043

क्रमांक- न.पा.रा./भू./2024/664 दिनांक-04.07.2024

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री पूर्णचन्द पुत्र श्री भैराराम कुम्हार निवासी रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ द्वारा अपने स्वामित्व के भूखण्ड सम्बन्धि दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर अपने आवासीय भूखण्ड साईज 300 वर्गगज से चिपती भूमि साईज 149.36 वर्गगज खांचा भूमि के तहत आवंटन करने हेतु आवेदन किया है। उक्त खांचा भूमि प्रार्थी के भूखण्ड के चिपती पश्चिम दिशा में स्थित है।
अत उक्त आवासीय खांचा भूमि प्रार्थी के नाम आवंटन करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ती पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

(शैलेन्द्र कुमार गोदारा)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रावतसर

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल**
**रावतसर जिला हनुमानगढ (राज.)**
Fax No.: 01537-250043, Email: nprawatsar1977@gmail.com,
Phone: 01537-250043

क्रमांक- न.पा.रा./भू./2024/676 दिनांक-04.07.2024

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री लुणाराम पुत्र श्री केसराराम जाति जाट निवासी वार्ड नं. 30 रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ द्वारा अपने स्वामित्व के भूखण्ड सम्बन्धि दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर अपने आवासीय भूखण्ड साईज 1692.26 वर्गफुट या 157.32 वर्गमीटर का आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन करवाना चाहता है जो मास्टर प्लान में व्यवसायिक दर्शाया गया है।
अत उक्त आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ती पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

(शैलेन्द्र कुमार गोदारा)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रावतसर


## सीकर में महिलाओं ने एडीएम को सोपा ज्ञापन

**सीकर** । सीकर समर्था सेवा न्यास,सीकर की ओर से महिलाओ ने अतीक जिला कलेक्टर को ज्ञापन देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में दिन - प्रतिदिन महिलाओं की बिगड़ती हुई स्थिति गंभीर चिंता का विषय है। कानून और व्यवस्था केवल शब्दकोष तक सिमटकर रह गए हो ऐसा प्रतीत होने लगा है।

संदेशखाली, कूचबिहार और उत्तर दिनाज़पुर (चोपरा) की घटना सभ्य समाज का मस्तक लज्जा से झुका देनेवाली हैं। निरीह, निरपराध नागरिकों का और विशेषत: महिलाओं का शोषण और दर्दनाक उत्पीड़न सर्वथा निंदनीय है।

भारतीय संविधान की धज्जियां उड़ाने वाली ये घटनाएं तालिबानी शासन का स्मरण कराती है।

एक महिला मुख्यमंत्री के होते हुए भी महिलाओं के साथ हो रहे अन्याय, अत्याचार और अपमान से सब महिलाएं अत्यंत व्यथित है तथा घटना की न्यायिक जाँच करवाएं।


सभी दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए। साथ ही पीड़ित महिलाओं के शारीरिक और मानसिक उपचार और उनके पुनर्वसन की प्रभावी व्यवस्था की जाए।

अतिरिक्त जिला हेमराज को ज्ञापन सौंपते हुए महिलाओं ने कहा कि इस पूरे मामले की कठोर निंदा करते है और इस अत्यंत संवेदनशील स्थिति का संज्ञान लेते हुए शीघ्रातिशीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने मांग करते हैं। ज्ञापन देते समय संगीता प्रतिभा दुर्गा नीलम कविता मोनिका कौशल्या रमा अनुराधा रक्षा यज्ञा मोनिका लक्की कोमल इत्यादि बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही और सैकड़ो महिलाओं के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन दिया गया।

## वैदिक ब्राह्मण संघ का गठन हुआ

**झुंझुनूं,** शुक्रवार को संतश्री आनंदगिरी महाराज के सानिध्य में इंदिरा नगर झुंझुनूं स्थित आश्रम परिसर में कर्मकांड एवं पुरोहित्य कर्म से जुड़े विप्रों की संगोष्ठी हुई। जिसकी अध्यक्षता पंडित सुरेंद्र पाराशर मंड्रेला ने की। संगोष्ठी में सर्वसम्मति से वैदिक ब्राह्मण संघ का गठन किया। जिसमें अध्यक्ष कवि नगेंद्र शर्मा निकुंज चिड़ावा, महामंत्री आचार्य आकाश गौड़ समसपुर, कोषाध्यक्ष पंडित मुकेश महमिया को बनाया गया।

### श्रद्धांजलि



24.10.1918 - 06.07.2000

24वीं पुण्यतिथि

**श्रद्धेय स्व. वैद्य श्री घनश्याम जी शर्मा**

निवासी श्रीमाधोपुर (सीकर) की 24वीं पुण्यतिथि 06 .07 .2024 पर सभी परिवारजन की ओर से

**शत् शत् नमन् एवं सादर श्रद्धांजलि**

कैलाश शर्मा (राष्ट्रदूत) एवं उमा शर्मा (से.नि.प्रधानाध्यापिका), नरेन्द्र शर्मा (से.नि.एयरफोर्स) एवं दीपशिखा, सत्यप्रकाश शर्मा (राष्ट्रदूत, जोधपुर) एवं ज्योति शर्मा (से.नि.प्रिंसिपल सी.सै.स्कूल) (पुत्र-पुत्रवधु), बीना एवं नरेन्द्र भारद्वाज (से.नि.भारतीय स्टेट बैंक) (पुत्री-दामाद), प्रशांत एवं प्रिया (पौत्र-पौत्रवधु) एवं समस्त परिवारजन

मोबाइल : 9829264308, 9829360428, 9462694531

## सेवा बस्ती के नन्हे बच्चे देंगे सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**सीकर,** । सेवा भारती की ओर से सेवा बस्ती में चलाये जा रहे विभिन्न प्रकल्पों के नन्हें बच्चे रविवार को अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां वाषिक उत्सव अनुभूति 2024 में देंगे।

सेवा भारती के जिला मंत्री जितेन्द्र सैनी ने बताया कि सेवा भारती की ओर से रविवार 6 जुलाई को शाम सवा 6 बजे से बजाज रोड स्थित जैन भवन में वार्षिक उत्सव अनुभूति 2024 का आयोजन किया जायेगा। सैनी ने बताया कि अनुभूति 2024 कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक के राजस्थान क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम होंगे। उन्होने बताया कि वार्षिक उत्सव में सेवा भारती राजस्थान की ओर से सेवा बस्तियों में चलाये जा रहे विभिन्न प्रकल्प केन्द्रों के बच्चों व समाज के भामाशाहों के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रमें में विभिन्न संगठनों व शिक्षा क्षेत्र व सेवा आयाम से जुड़े प्रबुद्ध लोग भाग लेंगे। सेवा बस्ती के बच्चों की ओर से विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जायेगी।

इसके अलावा विभिन्न प्रकल्पों पर स्वावलम्बन भारत के तहत जरूरतमंद परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने के लिये बनाये जा रहे उत्पाद की प्रदर्शनी भी प्रर्दशित की जायेगी।


**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, राजगढ़ (चूरू)**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
E- Mail Address - eonp.sdlp@ yahoo.in Fax &Phone :- 01559 - 222039

क्रमांक :-न.पा.रा./2024-25/1681 दिनांक :-05.07.2024

**आपति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदन पत्रों के द्वारा पट्टा तामिर स्वीकृति/कृषि भूमि नियमन/खाँचा भूमि नियमन/स्टेटग्रान्ट एक्ट/69ए/तहबाजारी हेतु आवेदन किया गया है। जिस किसी व्यक्ति को इस सबंध में आपति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस में व लोकसूचना के लिए 15 दिवस में नगर पालिका कार्यालय में लिखित में पेश कर देवें। सम्पूर्ण जानकारी के लिए नगरपालिका राजगढ़ (चूरू) की भूमि-शाखा कमरा नं. 10 से पता करें। समयावधि निकलने के पश्चात आपति विचारानीय नही होगी। विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. स. | पत्रावली | नाम आवेदक<br>69 क आपत्ति सूचना | क्षेत्रफल | किस्म |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2429/01.07.2024 | राजकुमार पुत्र दरियासिंह, वार्ड न. 18 पिलानी मोड़ के पास, राजगढ़ (चूरू) | 37.16वर्गमीटर | आवासीय |

| क्र. स. | पत्रावली | नाम आवेदक<br>कृषि भूमि नियमन आपत्ति सूचना | खसरानं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 6442/01.07.2024 | राजू सिंह पुत्र भंवर सिंह, वार्ड न. 11 (15) एमपी कॉलोनी के पीछे, राजगढ़ (चूरू) | 1707 | 408.73वर्गमीटर |
| 2 | 6443/01.07.2024 | रिंकू पुत्री सत्यवीर सिंह, वार्ड न. 27, राजगढ़ (चूरू) | 60 | 185.79वर्गमीटर |
| 3 | 6444/02.07.2024 | उमेद खान पुत्र रजाक मोहम्मद, वार्ड न 36, सिद्धमुख मोड़ के पास, राजगढ़ (चूरू) | 67 | 120.76वर्गमीटर |
| 4 | 6445/02.07.2024 | राकेश कुमार पुत्र शिशराम, वार्ड न. 15, एमपी कॉलोनी के पास, राजगढ़ (चूरू) | 796 | 239.10वर्गमीटर |
| 5 | 6446/05.07.2024 | अनवर बेग पुत्र अली मोहम्मद, वार्ड न. 29 (38) आईडियल स्कूल के पीछे, राजगढ़ | 137,83 | 111.47वर्गमीटर |
| 6 | 6447/05.07.2024 | सीमा पत्नी इकबाल, वार्ड न. 39, दुर्गादत्त भक्कड़ स्कूल के पास, राजगढ़ (चूरू) | 246 | 111.31वर्गमीटर |
| 7 | 2721/04.06.2019 | राजेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र रामेश्वरलाल, वार्ड न. 11, सांखू रोड़, श्याम विहार के पास, राजगढ़ (चूरू) | 806 | 557.36वर्गमीटर |
| 8 | 2836/02.03.2020 | नन्द लाल कुम्हार पुत्र नत्थुराम कुम्हार, निवासी खुड्डी हाल राजगढ़ (चूरू) | 754/704 | 55.74वर्गमीटर |
| 9 | 2835/02.03.2020 | नन्द लाल कुम्हार पुत्र नत्थुराम कुम्हार, निवासी खुड्डी हाल राजगढ़ (चूरू) | 754/704 | 55.74वर्गमीटर |
| 10 | 2985/06.07.2021 | सुरेन्द्र कुम्हार पुत्र प्रभुराम, निवासी नरवासी हाल वार्ड न. 02, तारानगर रोड़, राजगढ़ (चूरू) | 209 | 273.48वर्गमीटर |
| 11 | 6448/05.07.2024 | ''दारे अरकम शिक्षण संस्थान'' जरिये अध्यक्ष हैदर अली पुत्र घीसू खान, हाल वार्ड न. 13, मौहल्ला जुणेजो नगर मातामंडी के पास, राजगढ़ (चूरू) | 584 | 445.88वर्गमीटर |
| 12 | 6449/05.07.2024 | ''दारे अरकम शिक्षण संस्थान'' जरिये अध्यक्ष हैदर अली पुत्र घीसू खान, हाल वार्ड न. 13, मौहल्ला जुणेजो नगर मातामंडी के पास, राजगढ़ (चूरू) | 584 | 445.88वर्गमीटर |

| क्र.स. | पत्रावली | नाम आवेदक<br>तामिर स्वीकृति आपत्ति सूचना | क्षेत्रफल | किस्म |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 558/01.07.2024 | मूर्ति बाई पत्नी सुनिल पूनियाँ, वार्ड न. 15, एमपी कॉलोनी, राजगढ़ (चूरू) | 250.83वर्गमीटर | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका राजगढ़ (चूरू)


# एसपी कार्यालय पर किया ग्रामीणो ने प्रदर्शन

**सीकर।** पिछले 2-3 महीनों से दिन दहाड़े व रात में खण्डेला विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों ढाणियों एवं शहर के अलग अलग वार्डो में लगातार बढ़ती चोरी की वारदातों को रोककर चोरों को पकड़ने की मांग को लेकर शुक्रवार को युवा नेता किशोर दुल्हेपुरा के नेतृत्व में सीकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर चोरी की घटनाओं से पीड़ित परिवारों ने आक्रोशित होकर खण्डेला पुलिस मुर्दाबाद,खण्डेला विधायक मुर्दाबाद के नारेबाजी व तख्तियां दिखाते हुए प्रदर्शन किया तथा प्रतिनिधिमंडल ने एसपी से मिलकर वार्ता कर चोरी की बढ़ती वारदातों से चिंता जताते हुए ज्ञापन सौंपा।यह जानकारी देते हुए प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे किशोर दुल्हेपुरा ने बताया कि खण्डेला विधानसभा क्षेत्र के खण्डेला,रींगस व जाजोद तीनों पुलिस थानों में करीब तीन महीनों में 90 के करीब चोरी की घटना हो चुकी हैं।पर इन चोरी की वारदातों का पुलिस कोई पता नही लगा पा रही हैं। न ही चोर व चोरी बरामद कर पाई हैं।ओर लगातार चोरी होती ही जा रही हैं।जिससे खण्डेला विधानसभा क्षेत्र के आमजन ,व्यापारी ग्रामीण,किसान मजबूर दहशत में जीवन बसर कर रहे है।पूर्व में भी कई बार खण्डेला,रींगस जाजोद पुलिस थानों के थानाधिकारियों से पीड़ित परिवार व ग्रामीण मिल चुके लेकिन अभी तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं किया हैं।इस के बाद 24 मई 2024 को पुलिस उपाधीक्षक खण्डेला कार्यालय पर पीड़ित परिवारों द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया था।उस वक्त पुलिस उपाधीक्षक खण्डेला ने एक दो दिन में चोरों को पकड़ने का आश्वासन दिया था पर किसी को भी नही पकड़ा हैं।फलस्वरूप क्षेत्र में चोरी घटनाएं ओर ज्यादा बढ़ी हैं।पीड़ित परिवार कई बार खण्डेला विधायक सुभाष मील से भी मिल चुके है लेकिन चोरी की घटनाओं का खुलासा अभी नहीं हो पाया है।स्थानीय विधायक पुलिस पर कोई कंट्रोल नही कर पा रहे है।खण्डेला क्षेत्र की पुलिस की उदासीनता व निष्क्रियता से परेशान होकर एसपी कार्यालय पर प्रदर्शन किया हैं।दुल्हेपुरा ने बताया अगर खण्डेला क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश नही लगा तो पीड़ित परिवार व क्षेत्र के लोग भूख हड़ताल करेंगे।पुलिस अधीक्षक ने खण्डेला पुलिस की कार्यशैली से नाराजगी जाहिर करते तुरंत डीएसपी खण्डेला व रींगस डीएसपी के नेतृत्व में संयुक्त टीम बनाने का आदेश देते हुए 10 दिवस में चोरों को पकड़ने व बढ़ती चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने व पुलिस गश्त बढ़ाने का ठोस आश्वासन दिया है।प्रदर्शन करने वालों में पीड़ित सीता देवी, गोपाल शर्मा,साहिल कुरैशी,विनोद कुमार, सहित क़ई लोग उपस्थित रहे।

## श्रमिकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**झुंझुनूं,**। खान विभाग झुंझुनूं एवं चिकित्सा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से शुक्रवार को मोडा पहाड़ में क्रेशर यूनियन के सहयोग से सिलिकोसिस जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन एवं पौधारोपण करवाया गया। शिविर में खान विभाग, चिकित्सा विभाग, प्रदूषण नियंत्रण विभाग एवं खनन व्यवसायियों द्वारा पौधरोपण किया गया तथा क्रेशरों पर कार्य करने वाले 72 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही श्रमिकों को कार्य स्थल पर कार्य करने के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने एवं सिलिकोसिस बीमारी के बचाव के लिए जागरूक किया गया तथा उपस्थित श्रमिकों को हेलमेट, डस्ट मास्क, दस्ताने वितरित किए गए।

## कृषि उद्यमों के श्रेष्ठ कृषकों को मिलेगा पुरस्कार

**झुंझुनूं,** । कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम (आत्मा) अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष कृषि उद्यमों के श्रेष्ठ कृषकों को राज्य, जिला तथा पंचायत समिति स्तर पर चयन कर पुरस्कृत जाएगा। राज्य, जिला एवं पंचायत समिति स्तरीय प्रत्येक पुरस्कार के लिए कृषक को क्रमश: 50 हजार, 25 हजार एवं 10 हजार रूपए तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। इसके लिए जिले की 11 पंचायत समितियों झुंझुनूं, अलसीसर, मंडावा, नवलगढ, उदयपुरवाटी, चिड़ावा, पिलानी, सूरजगढ़, खेतड़ी, सिंघाना व बुहाना में से प्रत्येक पंचायत समिति स्तर पर पांच गतिविधियों कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, जैविक खेती और नवाचारी खेती, में से प्रत्येक गतिविधि के लिए एक-एक कृषक कुल 5 कृषकों का चयन किया जाएगा। पंचायत समिति स्तर पर चयनित कृषकों में से 10 सर्वश्रेष्ठ कृषकों को (प्रत्येक गतिविधि के लिए 2 सर्वश्रेष्ठ कृषक) को जिला स्तर पर चयनित किया जाएगा। राज्य स्तर के पुरस्कार के लिए जिला स्तर पर प्रथम स्तर के चयनित सर्वश्रेष्ठ कृषकों में से प्रत्येक गतिविधिवार के लिए 2-2 कृषकों का चयन किया जाएगा। इस प्रकार राज्य स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्तर पर 5-5 (कुल 10) उत्कृष्ठ कृषकों का चयन प्रत्येक गतिविधिवार कर पुरस्कृत किया जाएगा।

